
# चम्पारण ज्ञानाग्रह


**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 11 मार्च 2026, अंक –234.**

**प्रस्तुति:- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"इच्छाशक्ति ही असली सामर्थ्य है।"
— विवेकानंद



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Wednesday Prayer

तू ही राम है, तू रहीम है,
तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशू मसीह
हर नाम में तू समा रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरी जात पाक कुरान में,
तेरा दरस वेद पुराण में।
गुरु ग्रन्थजी क ◌े बखान में,
तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है.........................................।

अरदास है कहीं कीरतन
कहीं रामधुन कहीं आवहन।
विधि भेद का यह है सब रचन,
तेरा भक्त तुझको बुला रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरा गुण नहीं हम गा सकें,
तुझे कैसे मन में ध्या सके।
है दुआ यहीं तुझे पा सकें,
तेरे दर पे सर ये झुका हुआ।
तू ही राम है.........................................।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥


## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।


संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।

# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।


# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

**प्रश्न 1: बांग्लादेश की राजधानी कहाँ है?**
**उत्तर: ढाका**
**प्रश्न 2: भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?**
**उत्तर: डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (इनका संबंध बिहार के सीवान जिले से था)**
**प्रश्न 3: 'पोंगल' किस राज्य का प्रमुख कृषि और सांस्कृतिक त्योहार है?**
**उत्तर: तमिलनाडु**
**प्रश्न 4: एक 'शताब्दी' (Century) में कितने वर्ष होते हैं?**
**उत्तर: 100 वर्ष**
**प्रश्न 5: बिहार का 'महापर्व' किसे कहा जाता है?**
**उत्तर: छठ पूजा**
**प्रश्न 6: पृथ्वी पर सबसे बड़ा जीवित स्थलीय जीव (Land Animal) कौन सा है?**
**उत्तर: अफ्रीकी हाथी (African Elephant)**
**प्रश्न 7: हवाई जहाज (Aeroplane) का आविष्कार किसने किया था?**
**उत्तर: राइट ब्रदर्स (ओरविल और विल्बर राइट)**
**प्रश्न 8: भारतीय संविधान सभा की पहली बैठक किस वर्ष हुई थी?**
**उत्तर: 1946 (9 दिसंबर)**
**प्रश्न 9: 'हितोपदेश' के रचनाकार कौन हैं?**
**उत्तर: नारायण पंडित**
**प्रश्न 10: पानी का रासायनिक सूत्र (Chemical Formula) क्या है?**
**उत्तर: H2_O**

शुद्धि:- दिनांक 10.03.2026 के प्रश्न संख्या -2 के उत्तर में एवरेस्ट शिखर की ऊंचाई 8848 मी. समझा जाए।

**संकलन:-**



**पिन्टू कुमार**
**विद्यालय अध्यापक**
**UHS रामपुर, बगहा-2**

# शब्द - संगम

**Fall (फॉल) – गिरना**
**Fell (फेल) – गिरा**
**Fallen (फॉलन) – गिरा हुआ / गिराया गया**

**Fight (फाइट) – लड़ना**
**Fought (फॉट) – लड़ा**
**Fought (फॉट) – लड़ा गया**

**Freeze (फ्रीज़) – जमना / जमा देना**
**Froze (फ्रोज़) – जमा / जम गया**
**Frozen (फ्रोजन) – जमा हुआ / जमाया गया**



**संकलन:-**
**सौरभ कुमार**
**विद्यालय अध्यापक**
**Govt. UMS गोइती**
**बगहा-2, प. चम्पारण**

# English गप-शप

**थीम: Classroom Instructions (कक्षा के निर्देश)**

**शांत रहो। – Be quiet.**
**ध्यान से सुनो। – Listen carefully.**
**अपना हाथ उठाओ। – Raise your hand.**
**अपना काम दिखाओ। – Show your work.**



**संकलन:-**
**सुनील कुमार राम**
**प्रधान शिक्षक**
**Govt. PS चिउटाहां**
**बगहा-2, प. चम्पारण**

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 11 मार्च को 'धूम्रपान निषेध दिवस' (No Smoking Day) के अवसर पर मुख्य रूप से किस अंग के स्वास्थ्य पर बल दिया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: फेफड़े (Lungs)
व्याख्या: मार्च के दूसरे बुधवार को मनाया जाने वाला यह दिवस लोगों को तंबाकू और धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों से आगाह करता है। धूम्रपान न केवल फेफड़ों के कैंसर बल्कि हृदय रोगों का भी मुख्य कारण है। यह दिवस छात्रों को 'नशा मुक्त जीवन' के संकल्प हेतु प्रेरित करता है।
संदर्भ: World Health Organization (WHO) Calendar 2026.

2. हाल ही में 'बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ' (COMFED) ने किस शहर में राज्य का सबसे बड़ा आधुनिक 'मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट' शुरू किया है? (समसामयिकी)
उत्तर: समस्तीपुर
व्याख्या: मार्च 2026 में समस्तीपुर में एक उच्च क्षमता वाले मिल्क प्लांट का उद्घाटन किया गया है। यह 'श्वेत क्रांति' को बिहार के ग्रामीण अंचलों तक पहुँचाने और पशुपालकों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बिहार की आर्थिक प्रगति के अध्ययन के लिए यह महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: Department of Agriculture, Bihar (March 2026).

3. प्रसिद्ध पुस्तक "इंडिका" (Indica) के रचयिता कौन हैं, जो मौर्यकालीन इतिहास का प्रमुख स्रोत है? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: मेगास्थनीज
व्याख्या: मेगास्थनीज यूनानी राजा सेल्युकस निकेटर का राजदूत था, जो चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था। उसने अपनी पुस्तक 'इंडिका' में पाटलिपुत्र के नगर प्रशासन, सैन्य व्यवस्था और तत्कालीन समाज का सजीव वर्णन किया है। यह प्राचीन भारतीय इतिहास की प्रामाणिक जानकारी देता है।
संदर्भ: NCERT Class 6 History (Our Pasts-I), Ch 7 (Ashoka, The Emperor), p. 70

4. 'पारिस्थितिकी तंत्र' (Ecosystem) में वे जीव जो मृत पौधों और जंतुओं को सड़ाकर सरल पदार्थों में बदलते हैं, क्या कहलाते हैं? (पर्यावरण)
उत्तर: अपघटक (Decomposers)
व्याख्या: जीवाणु और कवक जैसे अपघटक पारिस्थितिकी तंत्र के 'सफाईकर्मी' होते हैं। वे जटिल कार्बनिक पदार्थों को मिट्टी में वापस मिला देते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। इनके बिना पृथ्वी कचरे के ढेर में बदल जाएगी। यह पोषक चक्र (Nutrient Cycle) के लिए अनिवार्य हैं।
संदर्भ: NCERT Class 10 Science, Ch 15 (Our Environment), p. 257.

5. 'महात्मा गांधी' ने 1930 में प्रसिद्ध 'दांडी मार्च' की शुरुआत किस स्थान से की थी? (इतिहास)
उत्तर: साबरमती आश्रम
व्याख्या: 12 मार्च 1930 को गांधीजी ने अपने 78 अनुयायियों के साथ साबरमती आश्रम (अहमदाबाद) से दांडी तक की 240 मील की यात्रा शुरू की थी। यह सविनय अवज्ञा आंदोलन का शंखनाद था, जिसका उद्देश्य नमक कानून तोड़कर ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती देना था।
संदर्भ: NCERT Class 8 History (Our Pasts-III), Ch 9 (The Making of National Movement), p. 118.

6. भारत में 'सर्वाधिक वर्षा' वाला स्थान मासिनराम (Mawsynram) किस राज्य में स्थित है? (भूगोल)
उत्तर: मेघालय
व्याख्या: मेघालय की खासी पहाड़ियों में स्थित मासिनराम विश्व का सबसे आर्द्र (Wettest) स्थान है। यहाँ की कीप के आकार (Funnel-shaped) की पहाड़ियाँ बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी हवाओं को रोककर अत्यधिक वर्षा कराती हैं। यह भारत की विशिष्ट जलवायु स्थिति का उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 4 (Climate), p. 31.

7. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद को डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने 'संविधान की आत्मा और हृदय' कहा था? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 32
व्याख्या: अनुच्छेद 32 'संवैधानिक उपचारों का अधिकार' प्रदान करता है। इसके तहत नागरिक अपने मौलिक अधिकारों के हनन होने पर सीधे सर्वोच्च न्यायालय जा सकते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि संविधान केवल कागजी दस्तावेज न रहकर वास्तव में नागरिकों की रक्षा करे।
संदर्भ: NCERT Class 11 Pol. Science, Ch 2 (Rights in the Indian Constitution), p. 41

8. किस अधातु (Non-metal) में 'चमक' (Lustre) पाई जाती है, जो सामान्यतः केवल धातुओं का गुण है? (विज्ञान)
उत्तर: आयोडीन
व्याख्या: सामान्यतः अधातुएँ भंगुर और चमकहीन होती हैं, लेकिन आयोडीन एक अपवाद है जो अधातु होते हुए भी चमकदार (Lustrous) होती है। इसी प्रकार ग्रेफाइट (कार्बन का रूप) भी चमक और सुचालकता का अपवाद प्रस्तुत करता है। विज्ञान में ये अपवाद अक्सर परीक्षाओं में पूछे जाते हैं।
संदर्भ: NCERT Class 10 Science, Ch 3 (Metals and Non-metals), p. 38

9. 'कुचिपुड़ी' किस भारतीय राज्य की प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य शैली है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: आंध्र प्रदेश
व्याख्या: कुचिपुड़ी नृत्य की उत्पत्ति आंध्र प्रदेश के 'कुचेलपुरम' गाँव से हुई है। यह नृत्य और नाटक (यक्षगान) का संगम है। इसमें कलाकार अक्सर पीतल की थाली के किनारों पर पैर रखकर नृत्य करते हैं, जो इसकी तकनीकी जटिलता और सुंदरता को दर्शाता है।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9 (The Making of Regional Cultures), p. 126.

10. बिहार के किस शहर में 'संजय गांधी जैविक उद्यान' स्थित है? (बिहार GK)
उत्तर: पटना
व्याख्या: पटना स्थित यह उद्यान बिहार का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान (जैविक उद्यान) है। यह गैंडा (Rhino) प्रजनन के लिए पूरे एशिया में प्रसिद्ध है। यहाँ विभिन्न प्रकार के वन्यजीव और वनस्पतियों का संरक्षण किया जाता है, जो बच्चों के लिए प्रकृति के करीब जाने का प्रमुख केंद्र है।
संदर्भ: SCERT Bihar Class 6 EVS; Bihar Tourism Guide.

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (मार्च W2): रसोई गैस (LPG) सिलेंडर में आग लगने पर उसे बुझाने के लिए किस गीली वस्तु का प्रयोग करना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)

उत्तर: सूती बोरा/कंबल

व्याख्या: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (मार्च W2: अगलगी से बचाव) के अनुसार, यदि गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में आग लग जाए, तो घबराना नहीं चाहिए। एक मोटे सूती बोरे या कंबल को पानी में भिगोकर सिलेंडर को चारों तरफ से लपेट देने से ऑक्सीजन का संपर्क टूट जाता है और आग बुझ जाती है। यह घर में आग से बचाव का सबसे प्रभावी और त्वरित तरीका है।

संदर्भ: सुरक्षित शनिवार वार्षिक सारणी (बिहार सरकार); Bihar SDMA Training Module.

12. एक घड़ी में समय '3 बजकर 40 मिनट' हो रहा है। इस समय घड़ी की 'घंटे' और 'मिनट' की सुइयों के बीच कितने डिग्री का कोण (Angle) बनेगा? (मानसिक योग्यता)

उत्तर: 130 डिग्री ($130^\circ$)

व्याख्या: कोण ज्ञात करने का सूत्र है: $\theta = |30H - \frac{11}{2}M|$। यहाँ H=3 और M=40 है।

$\theta = |30(3) - \frac{11}{2}(40)| = |90 - 220| = 130^\circ$।

यह प्रश्न छात्रों की ज्यामितीय तर्कशक्ति और गणितीय सटीकता को निखारता है, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (जैसे सक्षमता परीक्षा, NTSE) के लिए अति महत्वपूर्ण है।


GK संकलन:-

**शैलेन्द्र कुमार**

प्रधान शिक्षक

Govt. PS बोदसर

बगहा-2, प. चम्पारण ।




अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

Rapid (रैपिड) = Fast (फास्ट) = तेज

Antonym – Slow (स्लो) = धीमा

Neat (नीट) = Tidy (टाइडी) = साफ-सुथरा

Antonym – Dirty (डर्टी) = गंदा

Polite (पोलाइट) = Courteous (कर्टियस) = विनम्र

Antonym – Rude (रूड) = असभ्य

Huge (ह्यूज) = Very big (वेरी बिग) = बहुत बड़ा

Antonym – Tiny (टाइनी) = बहुत छोटा

Early (अर्ली) = Before time (बिफोर टाइम) = समय से पहले

Antonym – Late (लेट) = देर से




~: संकलन :~

**राकेश कुमार राव**

प्रधानाध्यापक

PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय

वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**BCCI announces ₹131 crore bonus for T20 World Cup 2026 winning Indian team; players to receive massive rewards for historic third title and back-to-back wins.**
**बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम के लिए ₹131 करोड़ का बोनस घोषित किया; ऐतिहासिक तीसरे खिताब और लगातार जीत के लिए खिलाड़ियों को भारी इनाम।**

**NCERT issues unconditional apology to Supreme Court, withdraws controversial Class 8 textbook chapter on judiciary corruption amid ongoing legal scrutiny.**
**एनसीईआरटी ने सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी, न्यायपालिका भ्रष्टाचार वाले विवादास्पद कक्षा 8 अध्याय को वापस लिया।**

**External Affairs Minister S Jaishankar calls for dialogue to end West Asia conflict; India prioritises safety of citizens and urges de-escalation in Iran war.**
**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया संघर्ष समाप्त करने के लिए संवाद की अपील की; भारत ने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी, ईरान युद्ध में डी-एस्केलेशन की मांग।**

## INTERNATIONAL NEWS

**Iran war enters day 11: US-Israel intensify strikes on Tehran oil refineries and missile sites; Trump claims war 'very complete' and will end soon, but IRGC vows to determine end date.**
**ईरान युद्ध 11वें दिन में: अमेरिका-इज़राइल ने तेहरान के तेल रिफाइनरियों और मिसाइल साइट्स पर हमले तेज किए; ट्रंप ने युद्ध 'बहुत पूरा' बताया और जल्द समाप्ति का दावा, लेकिन IRGC ने अंत तय करने की कसम खाई।**

**Global oil prices surge past $100/barrel amid Iran conflict disruptions; Trump threatens '20 times harder' strikes if Strait of Hormuz blocked; IAEA flags Iran's enriched uranium concerns.**
**ईरान संघर्ष से वैश्विक तेल कीमतें $100/बैरल से ऊपर; ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य ब्लॉक होने पर '20 गुना कड़े' हमलों की धमकी; IAEA ने ईरान के संवर्धित यूरेनियम पर चिंता जताई।**

**Australia grants asylum to 5 Iranian women's football players amid safety concerns in ongoing war; NATO intercepts Iranian missiles targeting Turkey for second time.**
**ऑस्ट्रेलिया ने ईरान युद्ध के बीच सुरक्षा चिंताओं पर 5 ईरानी महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को शरण दी; NATO ने तुर्की की ओर जाने वाली ईरानी मिसाइलों को दूसरी बार रोका।**

## BIHAR NEWS

**CM Nitish Kumar kicks off third leg of 'Samriddhi Yatra' from Supaul today, to review development schemes in Seemanchal and Kosi districts till March 14.**
**सीएम नीतीश कुमार ने आज सुपौल से 'समृद्धि यात्रा' का तीसरा चरण शुरू किया, सीमांचल और कोसी जिलों में विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए 14 मार्च तक दौरा।**

**Bihar observes Sheetala Saptami today with special pujas and rituals; auspicious timings highlighted amid ongoing Bihar Diwas preparations and job fairs.**
**बिहार में आज शीतला सप्तमी पर विशेष पूजा और अनुष्ठान; शुभ मुहूर्त पर जोर, बिहार दिवस तैयारियां और जॉब फेयर जारी।**

## SPORTS NEWS

**Indian cricket team awarded ₹131 crore bonus by BCCI for T20 World Cup 2026 triumph; Gautam Gambhir highlights Sanju Samson's Super 8 knock as campaign turning point.**
**भारतीय क्रिकेट टीम को टी20 विश्व कप 2026 जीत के लिए बीसीसीआई से ₹131 करोड़ बोनस; गौतम गंभीर ने सुपर 8 में संजू सैमसन की पारी को अभियान का टर्निंग पॉइंट बताया।**

**T20 World Cup 2026 post-mortem: India's dominant performance praised; focus on building white-ball dynasty as legends hail back-to-back titles achievement.**
**टी20 विश्व कप 2026 पोस्ट-मोर्टेम: भारत के दबदबे की सराहना; व्हाइट-बॉल डायनेस्टी बनाने पर फोकस, दिग्गजों ने लगातार खिताब की उपलब्धि की तारीफ की।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

## प्रेरक प्रसंग

# "सही फैसला"

विद्यालय में प्रार्थना सभा समाप्त होने के बाद शिक्षक वर्मा सर बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में समझा रहे थे। उन्होंने कहा,

"बच्चों, जीवन में कुछ आदतें ऐसी होती हैं जो धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य और भविष्य को नुकसान पहुँचाती हैं। इसलिए सही समय पर सही फैसला लेना बहुत जरूरी होता है।"

फिर उन्होंने एक छोटी-सी घटना सुनाई।

एक कस्बे में दो दोस्त रहते थे—अमन और विवेक। दोनों साथ पढ़ते थे और अच्छे मित्र थे। एक दिन कुछ बड़े लड़के अमन को धूम्रपान करने के लिए उकसाने लगे। वे बोले,

"अगर तुम सच में बहादुर हो, तो एक बार सिगरेट पीकर दिखाओ।"

अमन थोड़ा घबरा गया। उसे समझ नहीं आ रहा था कि क्या करे। तभी विवेक ने आगे बढ़कर कहा,

"बहादुरी किसी बुरी आदत को अपनाने में नहीं, बल्कि गलत चीज़ को मना करने में होती है।"

विवेक की बात सुनकर अमन को हिम्मत मिली। उसने उन लड़कों से साफ शब्दों में कहा,

"मैं अपने स्वास्थ्य और भविष्य को खराब नहीं करना चाहता।"

दोनों दोस्त वहाँ से चले गए। कुछ समय बाद वही बड़े लड़के समझ गए कि अमन और विवेक ने सही निर्णय लिया था।


वर्मा सर ने कहानी समाप्त करते हुए बच्चों से कहा,

"जीवन में कई बार लोग हमें गलत रास्ते पर ले जाने की कोशिश करते हैं, लेकिन हमें हमेशा अपने विवेक से सही फैसला लेना चाहिए। सच्ची बहादुरी वही है, जो हमें बुरी आदतों से दूर रखे।"

उस दिन बच्चों ने समझ लिया कि असली ताकत अपने फैसलों में होती है, न कि दूसरों की नकल करने में।

**संदेश:**

"जो व्यक्ति गलत आदतों को 'ना' कहना सीख लेता है, वही अपने जीवन का सच्चा विजेता बनता है।"



................✍

मनोज कुमार

प्रधानाध्यापक

रा.म.वि.वाल्मीकिनगर

बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## "निपुण बिहार की आवश्यकता क्यों ?"

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल बच्चों को विद्यालय तक लाना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसा ज्ञान और कौशल देना है जिससे वे जीवन की समस्याओं को समझ सकें और उनका समाधान कर सकें। इस दृष्टि से देखा जाए तो प्रारम्भिक कक्षाओं में पढ़ने, लिखने और गणना करने की क्षमता किसी भी बच्चे की शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण नींव होती है। यदि यह नींव मजबूत नहीं होती, तो आगे की पढ़ाई बच्चों के लिए कठिन हो जाती है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए बिहार में निपुण बिहार कार्यक्रम की आवश्यकता महसूस की गई।

विभिन्न शैक्षिक अध्ययनों और आकलनों से यह स्पष्ट हुआ कि प्राथमिक कक्षाओं के कई बच्चे अपनी कक्षा के स्तर के अनुसार पढ़ने और गणना करने में सक्षम नहीं होते। कई बार ऐसा देखा गया कि कक्षा 4 या 5 में पहुँचने के बाद भी कुछ बच्चे सरल वाक्य ठीक से नहीं पढ़ पाते या छोटे-छोटे गणितीय प्रश्न हल करने में कठिनाई महसूस करते हैं। जब बच्चे पाठ को पढ़कर समझ ही नहीं पाते, तो विज्ञान, सामाजिक विज्ञान या अन्य विषयों को समझना उनके लिए और भी कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप उनकी सीखने की गति धीमी हो जाती है और वे पढ़ाई से धीरे-धीरे पीछे छूटने लगते हैं।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बच्चों की आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रारम्भिक कक्षाओं में ही विकसित नहीं होती, तो आगे की पूरी शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होती है। इसी कारण National Education Policy 2020 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि Foundational Literacy and Numeracy प्राप्त करना शिक्षा प्रणाली की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से देश में NIPUN Bharat Mission प्रारम्भ किया गया, जिसके आधार पर बिहार में "निपुण बिहार" कार्यक्रम लागू किया गया।

निपुण बिहार की आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि प्रारम्भिक वर्षों में बच्चों का मस्तिष्क सबसे अधिक सक्रिय और सीखने के लिए तैयार होता है। यदि इस समय उन्हें सही मार्गदर्शन, रोचक शिक्षण पद्धति और अभ्यास के अवसर मिलें, तो वे बहुत तेजी से सीखते हैं। इसके विपरीत यदि इस अवस्था में उनकी सीखने की जरूरतों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आगे चलकर उस कमी को पूरा करना कठिन हो जाता है।

इसके अलावा निपुण बिहार का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षण को अधिक बाल-केंद्रित, गतिविधि आधारित और आनंददायक बनाना भी है। जब बच्चे खेल, कहानी, चित्र और गतिविधियों के माध्यम से सीखते हैं, तो उनकी समझ अधिक गहरी और स्थायी बनती है। इससे विद्यालय का वातावरण भी अधिक सकारात्मक और प्रेरक बनता है।

अंततः कहा जा सकता है कि निपुण बिहार की आवश्यकता इसलिए है क्योंकि यह बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करने का प्रयास है। जब प्रत्येक बच्चा प्रारम्भिक कक्षाओं में पढ़ने, समझने और गणना करने में सक्षम हो जाएगा, तब ही वह आगे की शिक्षा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकेगा। यही मजबूत आधार भविष्य में एक शिक्षित, सक्षम और जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

.................✍

**मनोज कुमार झा**

प्रधानाध्यापक

राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय

बेतिया, प. चम्पारण।



अनुभाग-8

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 08

## "(मैट्रिक के बाद – ANM : Auxiliary Nurse Midwifery)"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपने मैट्रिक उत्तीर्ण किया है और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में समाज की सेवा करते हुए सम्मानजनक रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं, तो ANM (Auxiliary Nurse Midwifery) एक महत्वपूर्ण और रोजगारपरक कोर्स है। इस प्रशिक्षण में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, प्राथमिक चिकित्सा, प्रसव देखभाल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान दिया जाता है। ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में ANM की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

अर्हता: मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण (कुछ राज्यों में 10वीं के बाद भी अवसर उपलब्ध होते हैं), सामान्यतः आयु सीमा 17–35 वर्ष के बीच होती है। कई संस्थानों में केवल छात्राओं के लिए यह कोर्स संचालित होता है।

नामांकन प्रक्रिया: बिहार में ANM कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया और काउंसलिंग Bihar Combined Entrance Competitive Examination Board के माध्यम से संचालित की जाती है। आवेदन और अधिसूचना की जानकारी bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध होती है।

मान्यता एवं संस्थान: केवल उन संस्थानों में ही प्रवेश लें जो Indian Nursing Council तथा राज्य नर्सिंग परिषद से मान्यता प्राप्त हों। बिहार में कई सरकारी नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान तथा मान्यता प्राप्त निजी संस्थान संचालित हैं।

कोर्स अवधि: सामान्यतः 2 वर्ष (सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण सहित)।

रोजगार की संभावना: ANM कोर्स पूरा करने के बाद निम्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिल सकते हैं—

सरकारी स्वास्थ्य केंद्र (Primary Health Centre), उपस्वास्थ्य केंद्र, निजी अस्पताल एवं क्लीनिक, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्वास्थ्य मिशन परियोजनाएँ

प्रारंभिक वेतन सामान्यतः ₹15,000–25,000 प्रतिमाह से प्रारंभ हो सकता है, जो अनुभव और सरकारी नियुक्ति के अनुसार बढ़ता है।

वित्तीय सहायता: स्वास्थ्य एवं तकनीकी शिक्षा के लिए बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के माध्यम से ऋण उपलब्ध है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal (scholarships.gov.in) पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध है।

विशेष सुझाव: यदि आपकी रुचि स्वास्थ्य सेवा, नर्सिंग और सामाजिक सेवा में है, तो यह कोर्स आपके लिए अत्यंत उपयुक्त हो सकता है। प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक अनुभव और सामुदायिक कार्य पर विशेष ध्यान दें।

अगले पत्र में हम इंटरमीडिएट के बाद – BCA (Bachelor of Computer Applications) कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ। 🌟.........✍️



शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

**'प्रधान शिक्षक'**

**Govt. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण।**

**(10010803702)**

**📱-9939671700**


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org